दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

(Accredited A++ by NAAC)

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता/2024/07/5460 दिनांक : 04/07/2024.

**संशोधित-पत्र**

**महत्वपूर्ण**

सेवा में,

**प्राचार्य/प्रबन्धक**

समस्त, संबंधित महाविद्यालय

सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषय– शैक्षिक सत्र 2024–25 से समर्थ ई0आर0पी0 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता/2024/07/5456 दिनांक 04.07.2024 द्वारा निर्गत पत्र में आंशिक संशोधन किया जाता है।

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 1408/सत्तर–3–2024 दिनांक 19 जून, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि– प्रदेश स्थित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में समर्थ ई0आर0पी0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालय एक सप्ताह के भीतर अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त महाविद्यालयों के लिए भौतिक रूप से एक ओरिएन्टेशन कार्यक्रम निर्धारित करते हुए सभी महाविद्यालयों को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उक्त ओरिएन्टेशन कार्यक्रम की तिथि से शासन को भी अवगत कराने का निदेश दिया गया है।

सूच्य है कि शैक्षिक सत्र 2024–25 से समर्थ ई0आर0पी0 के क्रियान्वयन के लिए जनपदवार महाविद्यालयों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु भौतिक रूप से ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | पूर्व दिनांक | संशोधित दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर | 06.07.2024 | **06.07.2024** | 11:00 बजे पूर्वाह्न | संवाद भवन |
| 2 | देवरिया एवं कुशीनगर | 08.07.2024 | **09.07.2024** | 11:00 बजे पूर्वाह्न | संवाद भवन |

अतः आपसे अनुरोध है कि समर्थ ई0आर0पी0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के **प्राचार्य एवं एक कम्प्यूटर आपरेटर (संगणक सहायक) एवं लेपटॉप के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।**

भवदीय,

(प्रो0 शान्तनु रस्तोगी)
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर।
3. समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी सम्पत्ति कार्यालय, को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथियों एवं समय के अनुसार संवाद भवन खुलवाने एवं साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner